RAF SECTOR

NEWS CLIP

07/10/20

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Dainik Jagran, Jalandhar (PB)

आयोजन

114वीं वाहिनी द्रुत कार्य बल ने स्पोर्ट्स स्टेडियम लिद्दड़ां में करवाया समारोह

बैंड और भंगड़े के साथ गतके की प्रस्तुति ने लगाए चार चांद

संवाद सहयोगी, करतारपुरः 114वीं वाहिनी द्रुत कार्य बल की ओर से 28वीं वर्षगांठ मनाने के क्रम में स्पोर्ट्स स्टेडियम लिद्दड़ां में सीआरपीएफ बैंड की शानदार प्रस्तुति दी। इस दौरान कमांडेंट मनीष कुमार मीणा ने द्रुत कार्यबल का परिचय व शौर्य गाथा के बारे में विस्तृत जानकारी दी और फिर सीआरपीएफ जालंधर की बैंड टीम को स्मृति चिन्ह व पुरस्कार के साथ सम्मानित किया गया। इसके बाद रंगारंग कार्यक्रम भी पेश किया गया, जिसमें जवानों के परिवार भी शामिल हुए और उन्होंने कार्यक्रम

114वीं वाहिनी द्रुत कार्य बल का वर्षगांठ उत्सव मनाने के क्रम में स्पोर्ट्स स्टेडियम लिद्दड़ां में बैंड की प्रस्तुति के दौरान भंगड़े के साथ गतके का प्रदर्शन करते कलाकार • सौ.सीआरपीएफ

का लुत्फ उठाया। इस अवसर पर सरपंच, लाल चंद पंच, परमजीत अनीता मीणा, बलविंदर कुमार और सरपंच, मक्खन सिंह पंच,

स्पोर्ट्स स्टेडियम लिद्दड़ां में कार्यक्रम के दौरान उपस्थित कमांडेंट मनीष कुमार मीणा तथा अधिकारी • सौ.सीआरपीएफ

हरदीप सिंह प्रधान मुस्सी, किरणवीर सिंह प्रधान, अजीत सिंह, पार्षद कोच स्पोर्ट्स स्टेडियम, कुलजीत कुलविंदर कौर मौजूद थे।

Dainik Bhaskar, Luckhnow (UP)

शारीरिक फिटनेस ही सबसे बड़ी पूँजी : कमाण्डेंट

बिजनौर। लखनऊ स्थित 91 बटा 0, द्रुत कार्य बल ने फिट इंडिया मूवमेंट के तहत स्वस्थ रहने के लिए फ्रिडम दौड़ का आयोजन 1 सितम्बर -2020 से 2 अक्टूबर -2020 तक किया गया। दौड़ के अंतिम दिन मुख्य अतिथि कमाण्डेंट श्री अमिताभ कुमार 91 बटा0, द्रुत कार्य बल ने अधिकारियों व जवानो को सम्बोधित करते हुए शारीरिक तन्दुरुस्ती को ही सबसे बड़ी पूँजी बताया एवं नियमित व्यायाम, दौड़ व योग को दिनचर्या में शामिल करने के लिए कहा, उन्होने कहा कि स्वस्थ रहेगा हर व्यक्ति तभी तो आगे बढ़ेगा देश। कमाण्डेंट महोदय द्वारा फिट इंडिया मूवमेन्ट में शामिल सभी अधिकारीयों व जवानो को "भागीदारी प्रमाण पत्र" प्रदान किया गया। इस अवसर पर उप कमाण्डेंट सर्वेन्द्र सिंह, राम प्रकाश व सहायक कमाण्डेंट दानिश रजा खान, विकास कुमार सिंह एवं वाहिनी के अन्य अधीनस्थ अधिकारी व जवान शामिल रहे।

Photos of Deployment/ Fam-Ex Of RAF

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।